23. Tripura	18
24. Uttar Pradesh	243
25. West Bengal	249
26. A&N Islands	3
27. Chandigarh	1
28. Dadra & Nagar Haveli	0
29. Daman & Diu	0
30. Delhi	0
31. Lakshadweep	0
32. Pondicherry	2
ALL	2870

Source: Planning Commission (LEM Division) on the basis of 50th round survey of NSSO.

ग्रामीण क्षेत्रों का विद्युतीकरण

2387. **श्री बरजिन्दर सिंह** :

श्री सुखदेव सिंह ढ़िंडसा :

क्या **ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 87%ग्रामीण क्षेत्र का अब तक विद्युतीकरण किया जा चुका है;

(ख) यदि नही तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है की अब तक केवल 31% घरों को ही बिजली के कनेक्शन दिए गए है;

(घ) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू उपभोग इसलिए कम होता है क्योंकि वहां बिजली कम मात्रा में उपलब्ध होती है; और

(ड) यदि नही, तो तत्संबंधी कारण क्या है और आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक कुल कितने परिवारों को बिजली मुहैया करायी जाने का लक्ष्य है?

ग्रामीण क्षेत्रों और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बाबागौडा पाटिल) : (क) से (ड) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

लोगों का ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में पलायन को रोका जाना

2388. **श्री नागमणि :** क्या **ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रोजगार के अवसरों और जीवनयापन के अन्य साधनो की वजह से लोग बड़े पैमाने पर ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में चले जाते है;

(ख) यदि हां, तो ग्रामीण क्षेत्र की आबादी सहित शहरी क्षेत्रों में गए लोगों की संख्या क्या है;

(ग) क्या ग्रामीण क्षेत्रों को रोजगार के और अवसर प्रदान किए जाएंगे जिससे इस प्रवृत्ति को विपरीत मोड़ दिया जा सके; और

(घ) गांवों से शहरों की ओर लोगों के इस तरह के पलायन को रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बाबागौडा पाटिल) : (क) और (ख) जी, हां। वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार रोजगार या व्यवसाय की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में पलायन करने वाले व्यक्तियों की संख्या 104 मिलियन थी और कुल ग्रामीण आबादी 628.69 मिलियन थी।

(ग) और (घ) ग्रामीण क्षेत्र एवं रोजगार मंत्रालय ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और मजदूरी रोजगार के अतिरिक्त अवसर पैदा करने के लिए कई कार्यक्रम कार्यान्वित कर रहा है । अर्थात (क) जवाहर रोजगार योजना (ख) सुनिश्चित रोजगार योजना (ग) दस लाख कुओं की योजना (घ) समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम (ड) ट्राइसेम (च) डवाकरा और (छ) ग्रामीण कारीगरों के उन्नत औजार किटों की आपूर्ति।

ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार व्यक्तियों का पंजीकरण

2389. **श्री नागमणि** : क्या **ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार व्यक्तियों का पंजीकरण करने का विचार रखती है;

(ख) क्या ग्रामीण क्षेत्र के कुल अकुशल, कुशल अशिक्षित और शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या निर्धारित की जा चुकी है/की जा रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार और श्रेणी –वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस कार्यक्रम में स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका को निर्धारित किया गया/किया जा रहा है; और

(ड) क्या इस कार्यक्रम में वित्तीय संस्थानों कि भूमिका भी निर्धारित की गयी है?